**Matoshri Education Society's**
**Matoshri Academy, Eklahare, Nashik**
**<u>Assesment-1 2019-20 STD-V CBSE</u>**

**Time : 3 Hours** **SUB : HINDI** **Marks -80**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Section A | Section B | Section C | Section D | Section E | Section F | TOTAL MARKS<br>80 |
| | | | | | | |

## पठित गद्यांश1-

**प्रश्न: १) नीचे दिए गए गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**बहुत पुराने समय में कबूतरों के द्वारा संदेश भेजे जाते थे। जब संदेशवाहक कबूतरों की बात हो रही है तो उन इंसानों की बात कैसे न हो जो ऐसे समय से डाक पहुँचाने का काम करते रहे, जब संचार और परिवहन के साधन बेहद सीमित थे| बात हो रही है उन हरकारों की जो पैदल ही आम आदमी तक चिट्ठीपत्री पहुँचाने का काम करते रहे-| राजा, महाराजाओं के पास घुड़सवार हरकारे हुआ करते थे| हरकारों को न सिर्फ़ हर तरह की जगहों पर पहुँचना होता था, बल्कि डाक की रक्षा भी करनी होती थी| डाकू, लुटेरों या जंगली जानवरों की चपेट में आने का डर हमेशा बन रहता था| आज भी भारतीय डाक सेवा दुर्गम व पहाड़ी इलाकों तक डाक पहुँचाने के लिए हरकारों पर निर्भर करती है| जम्मूकश्मीर के लद्दाख खंड में - जैसी कई जगह हैं जहाँ हरकारे डाक पहुँचाते हैं (ज़ंस्कार) पदम| आजकल तो संदेश भेजने के नएनए और - तेज़ साधन आसानी से उपलब्ध हो गए हैं| डाक बाँटने में हवाई जहाज़, पानी के जहाज़ और जाने कौन-कौन से साधन इस्तेमाल किए जा रहे हैं| डाक विभाग भी पत्र, मनीआर्डर के साथमेल-साथ ई-, बधाई कार्ड आदि लोगों तक पहुँचा रहा है|**

**१) पुराने समय में संदेश किनके द्वारा भेजे जाते थे - ?**
**२) – आम आदमी तक चिट्ठीपत्री पहुँचाने का काम पैदल ही करने वालों को क्या कहते हैं- ?**
**3) राजा -, महाराजाओं के पास संदेश पहुँचाने का काम कौन करते थे ?**
**४) – पुराने समय में हरकारों को क्याक्या कठिनाइयाँ होती थी- ?**
**५) वाक्य पूरा करो और -पुनः लिखो :**
**'आज भी भारतीय डाक सेवा दुर्गम व पहाड़ी इलाकों तक डाक पहुँचाने के लिए___________पर निर्भर करती है|'**
**६) गद्यांश में दी गई एक ऐसी दुर्गम जगह का नाम लिखो जहाँ आज भी हरकारे डाक पहुँचाते हैं - ?**
**७) – आजकल डाक बाँटने में कौन कौन से साधन-इस्तेमाल किए जा रहे हैं ?**
**८) – डाक विभाग पत्र, मनीआर्डर के साथक्या लोगों तक पहुँचा रहा है-साथ और क्या- ?**
**९)- गद्यांश से छांटकर कोई चार योजक चिन्ह वाले शब्द लिखो -**
**१०) – प्रस्तुत गद्यांश आपकी पाठ्यपुस्तक के किस पाठ से लिया गया है ?**

## अपठित गद्यांश

**प्रश्न: २) अनुच्छेद पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

**मगध देश में एक खूँखार डाकू रहता था । वह जंगल दो गांवों के बीच पड़ता था । लोग एक गांव से दूसरे गांव में उस जंगल से होकर जाते थे । वह डाकू राहगीरों और यात्रियों को रास्ते में रोक कर लूट लेता था और उन्हें मार भी लेता था । वह जिन लोगों को मारता था, उनकी उंगली काटकर एक माला के रूप में गले में पहन लेता था । इसी कारण उसका नाम अंगुलिमाल पड़ गया था।**

1. डाकू कहाँ रहता था ?
2. लोग एक गांव से दूसरे गांव तक कैसे जाते थे ?
3. वाक्य पूरा करो :
   वह जंगल दो -------------------- के बीच पडता था।
4. वाक्य बनाओ : माला : ------------------------------------------------------------------------
5. वह डाकू राहगीरों और यात्रियों के साथ क्या करता था ?
6. वह उंगली काटकर क्या करता था?
7. विलोम शब्द लिखो :
   - शहर ----------------------------
   - अनेक ---------------------------
8. डाकू का क्या नाम पड़ गया था ?
9. वचन बदलो :
   उंगली ------------------------ माला ------------------------
10. "जंगल" शब्द का पर्यायवाची लिखो :

# लेखन

( गद्य और पद्य)

**प्रश्न:3 कविता खिलौनेवाला के रचयिता कौन है ?**

**प्रश्न4: तुम अपने साथियों के साथ कौनकौन से खेल खेलते हो-, नाम लिखो?**

**प्रश्न5: तिब्बत के बत्तीसवें राजा कौन थे ?**

**प्रश्न 6:केशव कितने साल का था ? एक दिन केशब के काम की तारीफ़ किसने की थी ?**

**प्रश्न7: सरला माँ से क्या लेने को कहती है ?**

## लघुत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न8: गाँधी जी को सिर्फ उनके नाम और देश के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया?**

**प्रश्न 9:कविता की पंक्तियाँ पूरी करो-:**

न जाने ------------ -------- पड़ोस से

---------- ------- ----------था----------

खेलने ------------ साथ

रतन --------- -------- --- ,सकता था।

**प्रश्न :10 निम्न राज्यों में फसल से सम्बन्धित कौन से त्योहार मनाए जाते हैं?**

**राज्य त्योहार**

**१ उत्तर प्रदेश----------------------- -**

**२ पंजाब------------------------ ---**

**३ केरल---------------------- ---**

**४ गुजरात---------------------- --**

**प्रश्न 11: इला को लेकर स्कूल वाले चिंतित क्यों थे? क्या उनका चिंता करना सही था या नही? अपने उत्तर का कारण लिखो|**

**प्रश्न 12:अब्बा ने क्या सोचकर आरिफ की बात मान ली** ?

# व्याकरण

प्रश्न- 13:किसे क्या कहते है ?

1) कपड़े पर बेल-बूटे बनाने वाला -------------------
2) कागज पर चित्र बनाने वाला ------------------------

प्रश्न- 14:वचन बदलो :

- झाड़ी - ........................
- नदी - .......................

प्रश्न:**15-** "बे" उपसर्ग से बनने वाले पांच शब्द लिखो -

प्रश्न:**16-** विशेषण शब्द पर गोला बनाओ-

**1)** राम के पास नीली कलम है ।
**2)** यहाँ पहले एक गोल चौराहा था ।

प्रश्न: **17-** सही पर्यायवाची शब्द चुनिए-

**1)** अभिलाषा - ______________________ **(** इच्छा / प्रयत्न )
**2)** बादल **-** ______________________ ( मेघ / वर्षा)

प्रश्न: **18-** क्रिया शब्द छाँट कर अलग लिखो-

**1.** मोहन गाना गा रहा है । ______________________
**2.** सीमा खाना खाती है । ______________________

प्रश्न: **19-** नीचे दिए गए शब्दों का दो भिन्न अर्थों में प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए:

आम--------------------------------------------------------------------------- :

आम------------------------------------------------------------------------ :

प्रश्न: **20-** नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो -

1) मशहूर
2) चालाकी

प्रश्न :**21-** निम्न शब्दों के लिंग बदलो-

राजा - कवि -

प्रश्न - 22:वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो -

**1)** जो नाव चलाता हो **-**
**2)** जो खेती करता हो -

प्रश्न - 23:निम्न शब्दों के सामने उचित विशेषण प्रयोग करो -

**1) ---------------**माँ
**2) ---------------**नक्काशी

प्रश्न - 24:नीचे दिए गए शब्दों को जोड़कर उचित शब्द बनाओ -

1) प्रदर्शन +ई =
2) चिकना + आहट =

प्रश्न- 25:अनुस्वार )ं वाले दो शब्द लिखो (|

प्रश्न - 26:कोई दो संज्ञा शब्द लिखो -

प्रश्न- 27:पर्यायवाची शब्द लिखो :

जल -**...................**
राजा .................. -

# सृजनात्मक लेखन

प्रश्न- 28: बीमारी के कारण तीन दिन के अवकाश के लिए प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखो **।**

प्रश्न - 29:आपका व्यवहार अपंग लोगों के साथ कैसा होना चाहिए **?**

प्रश्न - 30:अपने मनपसंद त्यौहार के विषय में दस वाक्य लिखो **।**

# वर्तनी

प्रश्न- 31: उचित मात्रा लगाकर अर्थपूर्ण शब्द बनाओ -

हरयाली -त्यहार -अप्रल -पंजब - नक्काश-

प्रश्न - 32:सही शब्द पर गोला लगाओ -

गुडीया /गुड़िया
धनुष धनूष/
पींजड़ा /पिंजड़ा
तलवार तलवर/
मुशकील/ मुश्किल

प्रश्न 33:----------------------------------------------------------------------------------------------------

**तिब्बत को दुनिया की छत कहते हैं , क्योंकि यहाँ बहुत ऊँचे पठार स्थित हैं । पठार जमीन के ऐसे भाग को कहते हैं जो मैदान से ऊँचा और पहाड़ से नीचा होता है । तिब्बत के पठार पर खड़े हैं ऊँचे - ऊँचे पहाड़ जो हिमालय का हिस्सा हैं । ये पहाड़ कई रंग के हैं -भूरे, लाल,पीले, बैगनी,गुलाबी और हरे। इन पथरीले पहाड़ों में तरह - तरह की मिट्टी और खनिज पदार्थ हैं । तिब्बत की हवा में नमी बहुत कम है। यहाँ लगभग  झीलें हैं। इनमें 1500 मानसरोवर झील का बहुत नाम है। तिब्बत से सांगपो यानी ब्रह्मपुत्र नदी निकलती है ।**